जमैका के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **जमैका के प्रधानमंत्री ने** व्यापार और निवेश समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिये भारत का दौरा किया। यह **जमैका के प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी।**

इस यात्रा के प्रमुख परिणाम क्या हैं?

- **भारत के राष्ट्रपति से मुलाकात:**
- दोनों नेताओं ने संसदीय, शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ-साथ **अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग समेत विभिन्न स्तरों पर साझेदारी को और अधिक मज़बूत करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।**
- राष्ट्रपति ने **वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के तीनों संस्करणों में जमैका की भागीदारी को सराहा साथ ही** L-69 जैसे समूहों के माध्यम से **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** समेत बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार के लिये दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता पर बल दिया।

विभिन्न समझौता ज्ञापनों (MOU) पर हस्ताक्षर किये गए:

- **भारत और जमैका की सरकारें** सफल डिजिटल **सार्वजनिक अवसंरचना**, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और **खेल में सहयोग साझा करने के लिये सहयोग करती हैं। जिसमें इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड** और **ईगोव जमैका लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन शामिल है।**

वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन (VOGSS)

- यह **भारत के नेतृत्व में एक नवीन और विशिष्ट पहल है**, जिसका उद्देश्य वैश्विक दक्षिण के देशों को एक साथ लाना तथा विभिन्न मुद्दों पर एक **साझा मंच पर उनके दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं को साझा करना है।**
- यह भारत के **वसुधैव कुटुंबकम**, या "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" के दर्शन और प्रधानमंत्री के **सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण को दर्शाता है।**

भारत और जमैका के बीच संबंध

- **भारत जमैका की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक** था, जिसने वर्ष 1962 में उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये तथा प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की यात्रा के बाद वर्ष 1976 में किंग्स्टन में एक रेजीडेंट मिशन की स्थापना की।
- जमैका ने वर्ष 2020 में भारत में अपना रेजिडेंट मिशन स्थापित किया।
- भारत और जमैका ने ऐतिहासिक रूप से **सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे हैं**, जो इतिहास, **संसदीय लोकतंत्र, राष्ट्रमंडल सदस्यता** और क्रिकेट के प्रति आपसी प्रेम के साझा संबंधों पर आधारित हैं।
- जमैका 70,000 की संख्या वाले **भारतीय प्रवासियों** का स्थान है, जो **गिरमिटिया देशों में से एक** है, यह दोनों देशों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2022 जमैका में भारतीय समुदाय की उपस्थिति के 177 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है।
  - गिरमिटिया **देश** वे देश हैं, जहाँ भारतीय गिरमिटिया मज़दूर बस गए, जैसे **फिज़ी, गुयाना, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा रीयूनियन द्वीप।**
- **दोनों देश गुटनिरपेक्ष** **आंदोलन (NAM)** और **G-77** जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सदस्य हैं।
  - **विकासशील देश** होने के नाते, भारत और जमैका के लक्ष्य समान हैं, जैसे **आर्थिक विकास**, **समानता**, **निर्धनता उन्मूलन** **और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार।**

जमैका

- यह **वेस्टइंडीज का एक द्वीपीय देश है,** जो **कैरेबियन सागर में** क्यूबा और हिस्पानियोला के बाद तीसरा सबसे बड़ा द्वीप है।
- यह **हैती के पश्चिम में, क्यूबा के दक्षिण में, मुख्य भूमि के निकटतम बिंदु केप ग्रेसियस-ए-डिओस के उत्तर-पूर्व में, मध्य अमेरिका के कैरीबियाई तट पर स्थित है।**
- राष्ट्रीय **राजधानी किंग्स्टन है।**
- इसकी आबादी **अफ्रीकी मूल की है**, जो यूरोपीय उपनिवेशवादियों द्वारा लाए गए दासों की वंशज है।
- **जमैका को वर्ष 1962 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिली** और वह राष्ट्रमंडल का सदस्य बना हुआ है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jamaican-prime-minister-s-visit-to-india